>

Title : Display of vulgar pictures of Hindu deities at Mantanchery Palace Museum in Cochin, Kerala.

श्री गणेश सिंह : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान एक संवेदनशील मुद्दे की ओर दिलाना चाहता हूँ। यह हमारे देश के करोड़ों हिन्दुओं की भावनाओं से जुड़ा हुआ विषय है। केरल राज्य के कोचीन जिले में मत्तनचेरी महल संग्रहालय है जो केन्द्र सरकार के पुरातत्व विभाग द्वारा संचालित है। वहाँ हिन्दू धर्म के देवी-देवताओं के अश्लील चित्र जनता को दिखाए जा रहे हैं। मैं खुद वहाँ गया था। जब मैंने वे सारे चित्र देखे तो मैंने शिकायत पुस्तिका में आपत्ति दर्ज की थी। वहाँ पर मैंने देखा कि भगवान विष्णु तथा अन्य देवी-देवताओं के अश्लील चित्र लगाए गए हैं। मैंने जानना चाहा कि ऐसा क्यों हो रहा है। उसका जवाब वहाँ के संग्रहालय के अधीक्षक ने नहीं दिया। मैं केन्द्र सरकार से जानना चाहता हूँ कि ऐसे संग्रहालय जो केन्द्र सरकार खुद संचालित कर रही हो और हिन्दू भी धर्म के आस्था के प्रतीक देवी देवताओं बारे में क्यों इस तरह से दिखाया जा रहा है। मैं तत्काल इस पर रोक लगाने की माँग करता हूँ।

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री वी.नारायणसामी): कौन सा म्यूज़ियम है?

श्री गणेश सिंह : मत्तनचेरी महल है कोचीन में।